## खास-खबर

### मुख्यमंत्री ने स्मार्ट उद्यान में मौलश्री का पौधा रोपा



**भोपाल।** मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने आज स्मार्ट उद्यान में मौलश्री का पौधारोपण किया। मुख्यमंत्री श्री चौहान प्रतिदिन एक पौधा लगाते हैं। मौलश्री एक सुपरिचित वृक्ष है। इसे संस्कृत में केसव, हिन्दी में मौलसिरी या बकुल कहा जाता है। मौलसिरी एक औषधीय वृक्ष है। इसका सदियों से आयुर्वेद में उपयोग होता आ रहा है। मौलश्री का उपयोग वास्तुदोष निवारण के लिए भी किया जाता है। इसके चमकीले हरे पत्ते सुंदर बनावट वृक्ष को आकर्षक बनाते हैं। चित्त को आनंद देने वाले मनोरम सुंगधित पुष्पों से युक्त मौलश्री के सदाहरित वृक्ष सड़कों के किनारे और बाटिकाओं में मिलते हैं।

### मुख्यमंत्री ने पं. राम प्रसाद बिस्मिल के चित्र पर माल्यार्पण किया



**भोपाल।** मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने काकोरी कांड के महानायक पंडित राम प्रसाद बिस्मिल की जयंती पर आज उनके चित्र पर माल्यार्पण किया। श्री चौहान ने निवास पर उनका स्मरण करते हुए पुष्पांजलि अर्पित की। श्री बिस्मिल का जन्म 11 जून 1897 को उत्तरप्रदेश के शाहजहाँपुर में हुआ था। पंडित राम प्रसाद बिस्मिल भारतीय स्वतंत्रता आंदोलन की क्रान्तिकारी धारा के एक प्रमुख सेनानी थे, जिन्हें 30 वर्ष की आयु में ब्रिटिश सरकार ने फाँसी दे दी थी। वे मैनपुरी षड्यन्त्र और काकोरी–काण्ड जैसी कई घटनाओं में शामिल थे। वे हिन्दुस्तान रिपब्लिकन ऐसोसिएशन के सदस्य भी थे। श्री राम प्रसाद बिस्मिल कवि, शायर, अनुवादक, बहुभाषाभाषी, इतिहासकार और साहित्यकार भी थे।

### मंत्री उषा ठाकुर ने किया पं. रामप्रसाद बिस्मिल को जयंती पर नमन

**भोपाल।** संस्कृति, पर्यटन और आध्यात्म मंत्री उषा ठाकुर ने भारतीय स्वतंत्रता आंदोलन के महान क्रांतिकारी पं. रामप्रसाद बिस्मिल को उनकी जयंती पर शत–शत नमन किया है। सुश्री ठाकुर ने कहा कि 11 जून 1897 को जन्मे पं. रामप्रसाद बिस्मिल एक महान देशभक्त, शायर, कवि, इतिहासकार और साहित्यकार थे। उन्होंने मैनपुरी षड्यंत्र व काकोरी काण्ड में सक्रिय भूमिका निभाई थी।

### अनूपपुर में होगा 28 उप-स्वास्थ्य केन्द्रों का निर्माण: बिसाहूलाल

**भोपाल।** खाद्य, नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता संरक्षण मंत्री श्री बिसाहूलाल सिंह ने बताया कि उनके गृह जिला अनूपपुर के 28 ग्रामों में 8 करोड़ 46 लाख 72 हजार रूपये की लागत से 28 उप– स्वास्थ्य केन्द्रों के भवनों का निर्माण किया जायेगा। उन्होंने बताया कि लोक स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग द्वारा इन कार्यों के लिये राशि की स्वीकृति प्रदान की गई है। इसमें प्रति भवन के निर्माण पर 30 लाख 26 हजार रुपये व्यय होंगे।

### अनूपपुर में होगा नये स्कूल भवन और कक्षों का निर्माण

**भोपाल।** खाद्य, नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता संरक्षण मंत्री श्री बिसाहूलाल सिंह ने बताया कि अनूपपुर जिले में जनजातीय कार्य विभाग के अंतर्गत शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय के तीन नये भवनों और पुराने स्कूल भवनों में 10–10 नये कक्षों का निर्माण किया जायेगा। इन निर्माण कार्यों के लिए 21 करोड़ 26 लाख 16 हजार रुपये जनजातीय विभाग द्वारा स्वीकृत किये गये हैं। श्री सिंह ने कहा कि उनके गृह जिले अनूपपुर के ग्राम बम्हनी, जमुना कालरी और बेनीवारी में 10 करोड़ 13 लाख 82 हजार रुपये की लागत से तीन नये उच्चतर माध्यमिक विद्यालय के लिये भवनों का निर्माण किया जायेगा। इसके साथ ही ग्राम खूंटाटोला, वैकटनगर, बेलडोगरी, लखारा, इटौर और मदेहड़ी के पुराने स्कूल भवनों में 10–10 नये अतिरिक्त कक्षों का निर्माण किया जायेगा। इन कक्षों के निर्माण पर 11 करोड़ 12 लाख 34 हजार रुपये व्यय होंगे।

### मंत्री सखलेचा का दौरा कार्यक्रम

**भोपाल।** सूक्ष्म, लघु, मध्यम उद्यम एवं विज्ञान और प्रौद्योगिकी मंत्री श्री ओमप्रकाश सखलेचा शनिवार 12 जून को भोपाल से प्रात: 5 बजे प्रस्थान कर प्रात: 11 बजे जावद जिला नीमच पहुँचेंगे। श्री सखलेचा शनिवार को ही दोपहर 3 बजे कलेक्ट्रेट सभाकक्ष नीमच में जिला स्तरीय संकट प्रबंधन समूह की बैठक में शामिल होंगे। मंत्री श्री सखलेचा के शेष कार्यक्रम पृथक से जारी किये जाएँगे।

भोपाल में कांग्रेस का विरोध प्रदर्शन 30 मिनट चला पूर्व मुख्यमंत्री दिग्विजय बोले-

# कहां गए साइकिल पर चलने वाले शिवराज, स्मृति और राजनाथ

**भोपाल(काप्र)।**

**पेट्रोल डीजल के बढ़ते दामों के विरोध में शुक्रवार को भोपाल में कांग्रेस नेताओं और कार्यकर्ताओं ने विरोध प्रदर्शन किया। करीब 30 मिनट तक चले प्रदर्शन के दौरान कांग्रेसी नेता और कार्यकर्ता सोशल डिस्टेंसिंग भूल गए।**

पूर्व मुख्यमंत्री दिग्विजय सिंह ने भाजपा और मोदी पर हमला बोला। उन्होंने कहा कि कहां गए वे लोग साइकिल पर चलने वाले शिवराज, स्मृति ईरानी, राजनाथ सिंह और वो ढोंगी बाबा, जो कांग्रेस सरकार में पेट्रोल के रेट बढ़ने पर सड़क पर आकर आम लोगों की दुहाई देते थे। आज वे कहीं नहीं दिख रहे। उन्होंने कहा, मोदी सरकार यानी महंगाई की सरकार। कांग्रेस की मांग सेंट्रल ड्यूटी वापस लेने की है। अभी सरकार 34 रुपए ले रही है। इसे पहले जैसा 9 रुपए किया जाना चाहिए। अगर ऐसा हो जाए तो डीजल–पेट्रोल पर प्रति लीटर करीब 25–25 रुपए कम हो जाएंगे। इससे यह राहत आम लोगों को मिलेगी। अंतराष्ट्रीय स्तर पर कच्चे तेल के दाम कम होते जा रहे हैं, लेकिन भारत में पेट्रोल–डीजल के दाम बढ़ते जा रहे हैं। दिग्विजय ने आरोप लगाया कि एक साल में केंद्र सरकार 2 लाख 70 हजार करोड़ रुपए कमाएगी। यह रुपए वे उपभोक्ताओं की जेब से निकालकर अपना महल बनाने पर खर्च करने वाली है। अगर सरकार आम लोगों के बारे में सोचती, तो यह अतिरिक्त रुपए वह लोगों से नहीं वसूलती। भोपाल में कांग्रेस का यह विरोध प्रदर्शन 30 मिनट तक चला।




### कांग्रेसी कार्यकर्त्ता गिरफ्तार

उधर मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान परिवार के साथ पचमढ़ी से भोपाल लौटे। पावई में मेन रोड पर कुछ कांग्रेसी कार्यकर्ता पेट्रोल और डीजल के दाम को लेकर प्रदर्शन कर रहे थे। सीएम के सामने प्रदर्शन की संभावना थी, इसलिए सीएम के काफिला पहुंचने से पहले ही प्रदर्शन कर रहे कांग्रेसी कार्यकर्ताओं को पुलिस ने हिरासत में ले लिया। बाद में एक घंटे बाद सभी को छोड़ दिया। पेट्रोल–डीजल की कीमतों में बढ़ोतरी के खिलाफ पिछले साल भी कांग्रेस सड़कों पर उतरी थी। इस दौरान कई कांग्रेस नेता विरोध जताते हुए साइकिल से विधानसभा गए थे।

सुबह साढ़े 11 बजे कांग्रेस नेता न्यू मार्केट के पास स्थित नानके पेट्रोल पंप पर पहुंचे। कुछ देर बाद दिग्विजय सिंह भी पहूंच गए। पेट्रोल पंप के पास ही उन्होंने बैठकर सरकार के खिलाफ नारेबाजी कर विरोध प्रदर्शन किया।

## निम्न स्तर की राजनीति कर रही कांग्रेस: सिंधिया

**भोपाल (काप्र)।**

**पूर्व केन्द्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया ने आज पेट्रोल मूल्य वृद्धि के खिलाफ कांग्रेस के विरोध प्रदर्शन की राजनीति पर बड़ा हमला किया। श्री सिंधिया ने कहा कांग्रेस कभी वैक्सीन पर भ्रम फैलाकर संकट के समय निम्न राजनीति कर रही है तो कभी महंगाई पर रो रही है। उन्होंने महंगाई को विश्वव्यापी समस्या बताते हुए दावा किया कि भारत में अगले तीन महीनों में महंगाई कम हो जाएगी।**

श्री सिंधिया आज ग्वालियर के दौरे पर थे। उन्होंने यहां सम्भाग के पांच जिलों को एम्बुलेंस दी। मोती महल में आयोजित कार्यक्रम में उन्होंने कोविड की तीसरी लहर से निबटने की तैयारियों पर बात की। श्री सिंधिया ने कांग्रेस के पेट्रोल के खिलाफ प्रदर्शन पर तंज़ कसा। उन्होंने कहा जो कांग्रेस अपने आप को राष्ट्रीय स्वतंत्रता आंदोलन में भाग लेने वाली कहती है, विकास और प्रगति में भाग लेने वाली बताती है, आज जब विश्व स्तर की विपदा आई है तो कांग्रेस निम्न राजनीति कर रही है। पहले वैक्सीन के बारे में अफवाह फैलाई कहा कि भारतीय वैक्सीन ठीक नहीं है। नहीं लगाना है। आज वही पार्टी कह रही है कि जल्द से जल्द आर्डर करवाइए। कांग्रेस की चित भी मेरी और पट भी मेरी कब तक चलती रहेगी। जब देश की जनता संकट में है, संकट में राजनीति करना इससे निम्न क्या हो सकता है। महंगाई को लेकर सिंधिया ने कहा आज के हालात में ये पूरी दुनिया की समस्या है। आज विश्व का कोई देश इस संकट से दूर नहीं है। हर देश जूझ रहा है। भारत में रिकवरी हुई है। लेकिन इसी दौरान दूसरी लहर आ गई उसके बाद भी धीरे–धीरे रिकवरी हमारी अवश्य होगी। महंगाई अगर हुई भी है तो दो–तीन महीने के लिए रहेगी। शायद उसके बाद उस पर नियंत्रण भी हम पाएंगे। इस पर हमें विश्वास है। कांग्रेस तो हम पर आरोप लगाती ही रहती है। कांग्रेस के पास काम ही क्या है।

## कमलनाथ पूरी तरह ठीक, सभी रिपोर्ट नॉर्मल आईं

**भोपाल(काप्र)।**




पूर्व मुख्यमंत्री कमलनाथ अब पूरी तरह से ठीक हैं। उन्हें बुखार भी नहीं हैं। उनके सारे आवश्यक परीक्षण हो चुके हैं। कांग्रेस के मीडिया समन्वयक नरेन्द्र सलूजा ने कहा कि उनकी सब रिपोर्ट नॉर्मल है। डॉक्टर ने उन्हें ऐहतियात के तौर पर ऑब्जर्वेशन में रखा है। उसी आधार पर उनके अस्पताल से डिस्चार्ज का निर्णय डॉक्टर लेंगे। कमलनाथ अस्पताल में अपने कक्ष से अपनी नियमित दिनचर्या के तहत सभी रूटीन कार्यों को भी कर रहे है। वे लोगों से अस्पताल में ही मिलजुल रहे हैं।

श्री सलूजा ने बताया दो–तीन दिन से सर्दी–जुकाम और बुखार की शिकायत के बाद रूटीन चेकअप के लिए वे दिल्ली के एक अस्पताल गए थे। डॉक्टर्स की पैनल ने एहतियात के तौर पर उन्हें एडमिट होने की सलाह दी। इसके बाद से वे भर्ती हैं। कमलनाथ का 8 जून से संसदीय क्षेत्र छिंदवाड़ा का तीन दिवसीय दौरा था, लेकिन लास्ट मिनट पर दौरा टाल दिया गया था। तबीयत खराब होने के कारण दौरा रद्द किया गया। दिल्ली जाने से पहले कमलनाथ ने मध्यप्रदेश में कई लोगों से मुलाकात की थी।

## भाजपा नेताओं की सायकल पता नहीं कहाँ पंचर पड़ी है ?

पूर्व मुख्यमंत्री कमलनाथ ने आज जारी अपने बयान में कहा कि आज देश में ,प्रदेश में पेट्रोल–डीजल–रसोई गैस के दाम निरंतर आसमान को छू रहे हैं , बढ़ती महंगाई से दुखी जनता त्राहि–त्राहि कर रही है ? आज पेट्रोल की क़ीमत 100 रुपये प्रति लीटर के पार हो चुकी है और डीजल की क़ीमत भी 100 रुपये छूने को बेताब है ? जबकि आज अंतरराष्ट्रीय बाजार में कच्चे तेल की कीमत में कमी हुई है ? पांच राज्यों के चुनावो को देखते हुए 2 माह से ज्यादा समय तक पेट्रोल–डीजल के दाम में कोई बढ़ोतरी नहीं हुई और चुनाव संपन्न होते ही 4 मई से अभी तक 23 बार पेट्रोल–डीजल के दाम में मूल्य वृद्धि की जा चुकी है। जो लोग चुनाव के पूर्व अबकी बार–महँगाई से राहत वाली सरकार का नारा देते थे , उनके राज में अब यह नारा बदलकर अबकी बार– महँगाई से जनता की जान लेने वाली सरकार बन चुका है ? जो लोग कांग्रेस की सरकार के समय पेट्रोल–डीज़ल की क़ीमत जब 55–60 रुपये प्रति लीटर के क़रीब थी तो विरोधस्वरुप सायकल चलाते थे ,बैलगाड़ी यात्रा निकालते थे , कार्यालय सायकल से जाने की घोषणा करते थे , आज जब पेट्रोल–डीज़ल की क़ीमत आसमान छू रही है तो उनकी सायकल पता नहीं कहाँ ग़ायब है , कहाँ पंचर पड़ी है ?

## मुख्यमंत्री को नार्दन कोल फील्ड ने ऑक्सीजन संयंत्रों के लिए राशि भेंट की




**भोपाल (काप्र)।**

**मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान को आज मंत्रालय में नार्दन कोल फील्ड लिमिटेड सिंगरौली मध्यप्रदेश के प्रतिनिधियों ने ऑक्सीजन संयंत्र लगाने के लिए कुल 11 करोड़ 75 लाख रूपये के चेक भेंट किए।**

सी. एस. आर. फंड के अंतर्गत स्वास्थ्य विभाग को पाँच ऑक्सीजन संयंत्र लगाने के लिए 10 करोड़ रूपये और एम्स भोपाल को ऑक्सीजन संयंत्र के लिए एक करोड़ 75 लाख रुपये की राशि दी गई है।

मुख्यमंत्री श्री चौहान ने नार्दन कोल फील्ड के अधिकारियों से चर्चा के दौरान कहा कि कोल इंडिया लिमिटेड कॉर्पोरेशन सोशल रिस्पॉन्सिबिलिटी के तहत देश में महत्वपूर्ण कार्य कर रहा है। इन कार्यों में मध्यप्रदेश सरकार का सदैव सहयोग रहेगा।

श्री चौहान को नार्दन कोल फील्ड के सीएमडी श्री प्रभात कुमार सिंह ने बताया कि वे सरकार के सहयोग से और सीएसआर फंड से सिंगरौली में माइनिंग इंजीनियरिंग कॉलेज और मेडिकल कॉलेज खोलना चाहते हैं। मुख्यमंत्री श्री चौहान ने कहा कि इसमें मध्यप्रदेश सरकार पूरा सहयोग करेगी। श्री चौहान को नार्दन कोल फील्ड के अधिकारियों ने बताया कि सिंगरौली में उनके द्वारा माइनिंग की गई जमीनों का सुधार कार्य भी किया जा रहा है। वहाँ हवाई अड्डे के लिए भी कार्य किया जा रहा है। संस्थान सीएसआर फंड से प्रतिवर्ष 100 करोड़ रूपये के कार्य करवाता है।

कोविड–19 आपदा में स्वास्थ्य सेवाओं के बुनियादी ढाँचे को आधुनिक सुविधाओं से लैस करने के उद्देश्य से यह योगदान किया गया है। सामाजिक दायित्व के तहत की गई इस पहल से भोपाल, इंदौर, रीवा,जबलपुर और सागर के मेडिकल कॉलेजों में 15 सौ एलपीएम क्षमता के पाँच पीएसए ऑक्सीजन प्लांट स्थापित किये जायेंगे। वहीं एम्स अस्पताल भोपाल में भी एक ऑक्सीजन संयंत्र लगाया जाएगा।

### मुख्यमंत्री आज बीना और बुधनी में करेंगे अस्थाई कोविड अस्पताल का शुभारंभ

मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान शनिवार को सागर जिले के बीना में बीओआरएल के निकट नव–निर्मित 200 ऑक्सीजन बेडेड अस्थाई कोविड अस्पताल का शुभारंभ करेंगे। इस मौके पर केन्द्रीय पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्री श्री धर्मे=?द्र प्रधान भी मौजूद रहेंगे। श्री चौहान शनिवार को ही सीहोर जिले के बुधनी में भी ऑक्सीजन युक्त 300 बेडेड कोविड केयर सेंटर का शुभारंभ करेंगे। कोरोना की तीसरी संभावित लहर का सामना करने के लिये की जा रही तैयारियों में ये हॉस्पिटल अहम अंग होंगे।

श्री चौहान ने बताया कि कोरोना की तीसरी लहर के प्रति सजग होकर राज्य सरकार प्रभावी कार्य–योजना तैयार की है, जिसके अनुरूप सभी व्यवस्थाएँ अग्रिम रूप से सुनिश्चित की जा रही है। इसी क्रम में प्रदेश की स्वास्थ्य अद्योसंरचनाओं को सुदृढ़ किया जाकर विशेष तौर पर उन स्थानों पर अस्थाई अस्पताल निर्मित किये जा रहे है, जहाँ ऑक्सीजन की उपलब्धता है। यह स्थान दूरस्थ ग्रामीण अंचलों में होने से क्षेत्र की जनता को उपचार के लिये शहरों की ओर भी नहीं आना पड़ेगा।

**खास-खबर** | माधवराव सिंधिया स्वास्थ्य सेवा मिशन ने ...

# ग्वालियर-चंबल अंचल के जिलों को पांच एम्बुलेंस प्रदान किए

**भोपाल (काप्र)।**

**आज जब पूरा विश्व कोरोना जैसी महामारी से जूझ रहा है,सारे संसाधन नाकाफी सिद्ध हो रहे हैं तब राज्यसभा सांसद ज्योतिरादित्य सिंधिया के मार्गदर्शन में संचालित माधवराव सिंधिया स्वास्थ्य सेवा मिशन ने ग्वालियर– चम्बल अंचल के पांच जिलों ग्वालियर, शिवपुरी, अशोकनगर, भिंड एवं मुरैना को आधुनिक मेडिकल सुविधाओं से युक्त एम्बुलेंस प्रदान करके महत्वपूर्ण सेवा कार्य किया है।**

उक्त एम्बुलेंस जिलों के प्रभारी मंत्री, सांसद एवं जिला भाजपा जिलाध्यक्ष की उपस्थिति में जिला रेडक्रॉस सोसायटी को समर्पित किए गए। साथ ही श्री सिंधिया ने ग्वालियर के लिए एक अन्य वेंटिलेटर से युक्त एम्बुलेंस प्रदान करने की घोषणा की ताकि ग्वालियर से दिल्ली,भोपाल या इंदौर रेफर होने वाले गंभीर मरीज कम खर्चे में रेफर होकर बाहर जा सकें। इस एम्बुलेंस के आने से आर्थिक रूप से कमजोर मरीजों को काफी राहत मिलेगी।

ग्वालियर सांसद विवेक नारायण शेजवालकर ने कहा कि सिंधिया परिवार हमेशा से ही सेवाभावी रहा है, पूर्व में राजमाता सिंधिया, उनके पुत्र माधवराव सिंधिया एवं वर्तमान में इनके पुत्र ज्योतिरादित्य सिंधिया लगातार जनकल्याण के कार्य कर रहे हैं, कोरोना काल में भी प्रदेश के मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान एवं श्री सिंधिया सभी ने दिन रात काम करके जनसेवा की है। ग्वालियर के प्रभारी मंत्री प्रदुम्न सिंह तोमर ने इस अवसर पर कहा कि पिछले डेढ़ महीने में जब कोरोना महामारी अपने चरम सीमा पर थी तब प्रदेश के मुख्यमंत्री एवं श्री सिंधिया ने दिन रात काम करके ऑक्सीजन, इंजेक्शन के इन्तज़ाम के कार्य किया, जिसके कारण हज़ारों लोगों की जान बचाई जा सकी।



इस अवसर पर अवसर पर श्री सिंधिया ने कहा कि पिछले डेढ़ वर्ष से पूरा विश्व कोरोना नामक वैश्विक बीमारी से जूझ रहा है, जिससे भारत अभी अछूता नहीं रहा है, पिछले वर्ष की कोरोना लहर हो या इस वर्ष की ,हमारे देश के राष्ट्रीय नेतृव ने एवं प्रदेश नेतृत्व ने पूरी मजबूती के साथ, दल गत भावना से ऊपर उठकर कोरोना उन्मूलन के लिए कार्य किया है, जिसके कारण इस संकट से निजात पाने में सफलता मिली है, लेकिन कोरोना का खतरा अभी ख़त्म नही हुआ है इसलिए हमें पूरी सावधानी अभी भी रखनी है, कोरोना संकट के समय हर जनप्रतिनिधि एवं भाजपा के एक एक कार्यकर्ता ने दिन रात पीड़ितों की सेवा पंड़ित दीनदयाल उपाध्याय के ध्येय वाक्य एकात्म मानववाद को अपना आदर्श मानकर की है। इस अवसर पर श्री सिंधिया ने केंद्रीय मंत्री नरेन्द्र सिंह तोमर एवं श्री शेजवलकर के सेवा कार्यों के लिए धन्यवाद एवं आभार ज्ञापित किया।

श्री सिंधिया ने बताया कि शीघ्र ही अशोकनगर, शिवपुरी एवं गुना में ऑक्सीजन प्लांट की स्थापना का कार्य भी प्रारम्भ होगा। श्री सिंधिया ने इस अवसर पर एम्बुलेंस निर्माता फ़ोर्ज प्रबंधन को उच्च कोटि के एम्बुलेंस प्रदान करने के लिए धन्यवाद ज्ञापित किया। इस अवसर पर मुरैना के प्रभारी मंत्री भारत सिंह कुशवाह, भिंड के प्रभारी मंत्री ओपीएस भदौरिया, अशोकनगर के प्रभारी मंत्री ब्रजेन्द्र सिंह यादव, लोक निर्माण राज्य मंत्री सुरेश धाकड़, ग्वालियर ज़िला भाजपा अध्यक्ष कमल मखीजानी, शिवपुरी ज़िला अध्यक्ष राजू बाथम, अशोकनगर ज़िला अध्यक्ष उमेश सिंह रघुवंषी, भिंड ज़िला अध्यक्ष नाथू सिंह गुर्जर, पूर्व मंत्री श्रीमती इमारती देवी, अशोकनगर विधायक जजपाल सिंह, पूर्व विधायक एवं प्रदेश भाजपा मंत्री मदन कुशवाह उपस्थित थे।